राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(भारत सरकार का एक विधिक निकाय)

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

National Council for Teacher Education
(A Statutory Body of the Government of India)

फा.सं. NCTE-राज007/1/2021-O/o US(Rajbhasha)-HQ दिनांक 31.1.2022

सेवा में

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)
स्कूल शिक्षा विभाग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**विषय :– हिन्दी पखवाड़ा आयोजन–2021 की रिपोर्ट**

महोदय,

इस कार्यालय में 14 सितम्बर से 28 सितबर 2021 तक हिन्दी पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया था, तत्सम्बन्धी रिपोर्ट आपके अवलोकनार्थ संलग्न है।

भवदीय

31/1/2022

(डा. अखिल कुमार श्रीवास्तव)
अवर सचिव (रा.भा.)

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. - अध्यक्ष, रा.अ.शि.प. के निजी सचिव
2. - सदस्य सचिव के अनुभाग अधिकारी

# हिन्दी पखवाड़ा आयोजन–2021

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद मुख्यालय में 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2021 तक हिन्दी पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। यह परिषद मुख्यालय और चारों क्षेत्रीय समितियों का एक संयुक्त कार्यक्रम था, जिसमें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का भरपूर योगदान रहा। 14 सितम्बर यानी **हिन्दी दिवस** के अवसर पर उत्तर क्षेत्रीय समिति के क्षेत्रीय निदेशक डा. राममूर्ति मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया और सरस्वती वन्दना के साथ हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस समारोह में सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। सर्वप्रथम श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय शिक्षा मंत्री जी के संदेश को नोडल अधिकारी श्रीमती दिनेश कुमारी द्वारा पढ़ा गया जिसे हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी किया गया था। इसमें मंत्री महोदय द्वारा हिन्दी भाषा के महत्व को कवि गिरिजा कुमार माथुर की कविता के इस अंश को उदधृत किया गया।

*"सागर में मिलती धाराएँ, हिन्दी सबकी संगम है,*

*शब्द, नाद, लिपि से भी आगे, एक भरोसा अनुपम है।*

*गंगा–कावेरी की धारा, साथ मिलाती हिन्दी है,*

*पूर्व–पश्चिम, कमल–पंखुरी, सेतु बनाती हिन्दी है।।"*

सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिकारियों, विशेष रूप से श्री टी. प्रीतम सिंह, कार्यालय अध्यक्ष, क्षेत्रीय निदेशक (उ.क्षे.स.) तथा श्री डा. अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय निदेशक (प.क्षे.स.) ने हिन्दी राजभाषा के व्यावहारिक पहलुओं पर कार्य करने हेतु सभी को प्रेरित व प्रोत्साहित किया। श्री टी. प्रीतम सिंह जो स्वयं एक अ–हिन्दी भाषी यानी पूर्वोत्तर क्षेत्र से सम्बन्धित हैं, उन्होंने विशुद्ध हिन्दी में अपने प्रखर सम्बोधन में अपने विचार व्यक्त कर सबको अचम्भित कर दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा के साथ–साथ देश की सम्पर्क भाषा भी है, क्योंकि विभिन्न प्रदेशों के अलग–अलग भाषा–भाषी पारस्परिक वार्तालाप हिन्दी में ही करते हैं चाहे वह दक्षिण भारत का हो, या पश्चिम बंगाल का हो, वे अपना सम्प्रेषण हिन्दी बोल कर ही करते हैं। हिन्दी के प्रचार–प्रसार में फिल्म जगत तथा मीडिया का सबसे अधिक योगदान है। श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में सबसे आग्रह किया किया कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान सभी कार्यालयीन कार्य केवल हिन्दी में ही किए जाएं। उन्होंने घोषणा की कि इस पखवाड़े के अन्तर्गत हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने वाले कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, अर्थात यह हिन्दी व्यवहार की एक प्रतियोगिता होगी। पखवाड़ा शुभारंभ कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल अधिकारी (रा.भा.) श्रीमती दिनेश कुमारी ने किया।

हिन्दी दिवस कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अनेक अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में (1) श्री टी. प्रीतम सिंह, कार्यालय अध्यक्ष, (2) श्री राममूर्ति मीणा, क्षेत्रीय निदेशक, (उ.क्षे.स.) तथा (3) श्री मुकेश कुमार, अवर सचिव थे। अन्त में श्रीमती दिनेश कुमारी, नोडल अधिकारी(रा.भा.) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया गया।

15 सितम्बर 2021 को "हिन्दी राजभाषा नीति तथा इसका कार्यान्वयन" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा. अखिल कुमार श्रीवास्तव, अवर सचिव (रा.भा.) ने अपनी सारगर्भित प्रस्तुति में अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी के व्यावहारिक पहलू पर प्रकाश डाला और हिन्दी में कार्यालयीन कार्यो में आने वाली मुख्य कठिनाइयों का सरल समाधान बताया। इस कार्यालय में कर्मचारियों से हिन्दी में कुछ व्यावहारिक अनुप्रयोग भी कराये गये। अन्त में प्रतिभागियों के साथ प्रश्नोत्तरी का दौर भी संचालित किया गया, जिसमें हिन्दी में कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों और समस्याओं का समाधान सुझाया गया। यह सत्र बहुत ही उपयोगी और रोचक रहा।

दिनांक 16.09.2021 को **निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में मुख्यालय एवं क्षेत्रीय समितियों के अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। इसमें तीन पुरस्कार निर्धारित किए गये प्रथम, द्वितीय और तृतीय जो क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये के हैं।

दिनांक 20.09.2021 को **कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता** आयोजित की गई, जिसमें नियमित तथा संविदागत कर्मियों ने भाग लिया। इसमें भी तीन पुरस्कार निर्धारित किए गये—प्रथम, द्वितीय और तृतीय जो क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये के हैं।

दिनांक 21.09.2021 को **कार्यालयीन हिन्दी का अनुप्रयोग पर एक वेबिनार** आभासी रूप से आयोजित की गई। इसके प्रवक्ता डा. **सारिका शर्मा** , डीन, शिक्षा विभाग तथा निदेशक, आई क्यू ए सी, हरियाणा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा **राजेन्द्र सिंह छिल्ल्लर**, प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग, एम. डी. विश्वविद्यालय, **हरियाणा** थे। उन्होंने कार्यालय में हिन्दी अनुप्रयोग पर बहुत ही रोचक और सारगर्भित व्याख्यान दिया जो अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ। इस वेबिनार के दर्शकों में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अनेक अधिकारी/कर्मचारी तो सम्मिलित हुए ही, अन्य कार्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, छात्र—छात्राएं भी सम्मिलित हुए।

दिनांक 22.09.2021 को **हिन्दी टिप्पण तथा प्रारूप लेखन** प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों कर्मचारीयों ने उत्साह से भाग लिया। इसमें भी तीन पुरस्कार निर्धारित किए गये प्रथम, द्वितीय और तृतीय जो क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये के हैं।

दिनांक 24.09.2021 को एम.टी.एस. कर्मियो के लिए **हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता** आयोजित हुई, इसमें भी कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तथा संविदागत कर्मियों ने उत्साह से भाग लिया। इसमें भी तीन पुरस्कार 5000, 3000 और 2000 रुपये निर्धारित किए गये।

दिनांक 27.09.2021 को **अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता** हुई जिसमें चार—चार कर्मियों की 4 टीमें बनाई गईं तथा अत्यधिक उत्साहपूर्ण वातावरण में गायन अन्त्याक्षरी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें भी तीन पुरस्कार निर्धारित किए गये प्रथम, द्वितीय और तृतीय जो क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये प्रत्येक टीम को वितरित किए गये।

दिनांक 14 से 28 सितम्बर 2021 तक यानी हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए "हिन्दी व्यवहार" प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भी अधिकारियों कर्मियों ने भाग लिया। इसमें भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमशः : 5000, 3000 और 2000 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गये।

हिन्दी पखवाड़ा समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 16.11 9.2021 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, श्री संतोष कुमार सारंगी, सदस्य सचिव श्रीमती केसांग यांगजोम शेरपा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागीयों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल के 8 सदस्यों को भी प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सदस्य सचिव महोदया ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी पखवाड़े के सभी कार्यक्रम अत्यन्त प्रशंसनीय रहे हैं, जिसमें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया है और पुरस्कार प्राप्त किए हैं, उन्होंने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कामना की है कि कार्यालय के कार्यो में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने में सबका योगदान अपेक्षित है। अन्त में अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि अपनी भाषा में कार्य करना हमारा कर्तव्य है और हिन्दी हमारी अपनी भाषा है, जिसमें हम सभी पारस्परिक वार्तालाप करते हैं, किन्तु लिखने में व्यावहारिक रूप से थोड़ा कठिनाई जरूर होती है, जिसे नित्य अभ्यास करते रहने से दूर किया जा सकता है। समारोह का कुशल संचालन नोडल अधिकारी (रा.भा.) श्रीमती दिनेश कुमारी द्वारा किया गया।

अन्त में नोडल अधिकारी(रा.भा.) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समारोह का समापन हुआ।